पत्र सूचना शाखा
(राजभवन सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल की अध्यक्षता में इलाहाबाद संग्रहालय समिति की बैठक सम्पन्न

लखनऊः 15 सितम्बर, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं अध्यक्ष इलाहाबाद संग्रहालय समिति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की अध्यक्षता में आज यहां राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में संग्रहालय की कार्यकारिणी समिति तथा कार्यपालक समिति की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में तीन प्रस्ताव राज्यपाल जी के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिसमें इलाहाबाद संग्रहालय की नेहरू वीथिका में प्रदर्शित 'सुनहरी छड़ी' को राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली हस्तांतरण, संग्रहालय में 'उपसंग्रहाध्यक्ष' एवं सहायक संग्रहाअध्यक्ष' पद पर प्रोन्नति हेतु विभागीय प्रोन्नति समिति में बाह्य विशेषज्ञों एवं अनुसूचित जाति/जनजाति प्रतिनिधि को नामित करना तथा तीसरा प्रस्ताव आजाद वीथिका से अलग केन्द्रीय–कक्ष के सुन्दरीकरण का प्रस्तुत किया गया। समिति की सहमति से बैठक में प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

बैठक में राज्यपाल जी ने 'सुनहरी छड़ी' हस्तांतरण से पूर्व उसका छायाचित्र अथवा थ्रीडी चित्र संग्रहालय में संरक्षित कर लेने का सुझाव दिया। बैठक में समिति के सदस्य–सचिव, कुलपति एवं प्रभारी निदेशक डा0 अखिलेश कुमार सिंह ने राज्यपाल जी को माह जुलाई, 2022 में सम्पन्न बैठक में लिए गए निर्णय से अवगत कराते हुए बताया कि बैठक के निर्णयानुसार डा0 राजेन्द्र प्रसाद को निदेशक इलाहाबाद संग्रहालय के पद पर नियुक्ति पत्र जारी किया जा चुका है। वे माह नवम्बर तक यहाँ ज्वाइन कर सकते हैं। उन्होंने संग्रहालय के स्वतंत्र प्रवेश द्वार की स्वीकृति प्राप्त होने की जानकारी भी

राज्यपाल जी को दी और कहा कि इस हेतु प्रयागराज में स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत इसके निर्माण कार्य हेतु मण्डलायुक्त प्रयागराज मण्डल से अनुरोध किया जायेगा।

बैठक में प्रमुख सचिव, राज्यपाल श्रीमती कल्पना अवस्थी, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जानी, इलाहाबाद संग्रहालय समिति के सदस्य सचिव डा0 अखिलेश कुमार सिंह के साथ आनलाइन जुड़े के सदस्य प्रो0 उमेश चट्टोपाध्याय, मण्डलायुक्त प्रयागराज, संयुक्त निदेशक ट्रेजरी श्री प्रमोद कुमार सिंह तथा संग्रहालय के निदेशक एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

————————

डा0 सीमा गुप्ता–सूचना अधिकारी/राजभवन /(272/29)

सम्पर्क सूत्र– 8318116361